14 मई को होगा अदालत का आयोजन

# लोक अदालत में बिजली प्रकरणों की मूल राशि पर 30 फीसदी तक छूट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

5-5-22

रतलाम. आगामी 14 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बिजली प्रकरणों की मूल राशि पर 30% तक छूट देगी।

कंपनी के अनुसार मालवा और निमाड़ में 44 स्थानों (न्यायालयों) पर आयोजित होने वाली लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। लोक अदालत में प्री लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों की सिविल दायित्व मूल राशि पर तीस फीसदी तक छूट दी जाएगी, ब्याज में शत प्रतिशत छूट मिलेगी।

मुख्य महाप्रबंधक रिकेश कुमार वैश्य ने बताया कंपनी क्षेत्र के 425 जोन, वितरण केंद्रों, कार्यालयों के माध्यम से लोक अदालत की तैयारी की जा रही है। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौता किया जाएगा।

## इसमें मिलेगी उपभोक्ताओं को छूट

प्री लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट मिलेगी। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30% एवं ब्याज की राशि पर 100% की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व, अपराध शमन राशि एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किए जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। कनेक्शन भी है, तो वहां की राशि पूर्ण जमा होना चाहिए।

## कचरा तक नहीं उठा पा रहे



पत्रिका 5-5

रतलाम. शहर में नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग का दल तमाम दावों के बाद भी शहर को पूरी तरह से स्वच्छत करने में फिसड्डी साबित हो रहा है। भले सुबह से लेकर देर रात तक सफाई हो रही हो व जो काम पर नहीं आए, उनका वेतन काटा जा रहा हो, लेकिन स्वच्छता सर्वे के पहले ही शहर में सफाई की व्यवस्था पटरी से उतर गई है। शहर के दो बत्ती जैसे व्यस्त क्षेत्र में ही डस्टबिन कचरे से भरे हुए हैं। उपायुक्त विकास सोलंकी का कहना है कि जहां - जहां से सूचना मिल रही है, वहां कर्मचारी भेजकर सफाई करवाई जा रही है।

# Retail vegetable vendors create ruckus in Ratlam Mandi

**FP NEWS SERVICE**
Ratlam

The wholesale vegetable market at the Krishi Upaj Mandi in Ratlam witnessed a chaotic situation after scores of retail vegetable vendors from the town created a ruckus and snatched vegetable bags from the buyers and threw them on the road.

The incident was reported on Wednesday morning when hundreds of wholesale vegetable traders were present in the mandi selling their vegetables to both retailers and local people.

As the situation went from bad to worse, sub-divisional magistrate Rajesh, Shukla and the local police intervened in the matter and controlled the situation.

Retail vendors are raising their objection at allowing local people and non-licence retail vendors to purchase vegetables from the wholesale market., Retail vendors who have been ordered to sell vegetables at only four designated p[alces in the town said if locals purchase vegetables from the wholesale market, then they will suffer financially as nobody would purchase vegetables from them.

Retail vendors said that they are opposing the entry of common people and non-license retail vendors for long. Today the vendors came out on the streets and raised slogans even outside the office of MLA Chetan Kashyap. They threatened that if their grievances were not resolved, they along with their children will consume poison in front of CM Shivraj Singh Chouhan's office in Bhopal.

# भाजपा नेता मुख्यमंत्री की घोषणा भूले, फिर भी नहीं हुआ जलसंकट का समाधान

रतलाम। नगर निगम की लापरवाहियों के चलते शहर की जल प्रदाय व्यवस्था लगातार बाधित हो रही है। इससे आमजन को हो रही परेशानी समझते हुए भाजपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल निगमायुक्त से मिला और व्यवस्था में सुधार की मांग की। भाजपा नेता निगमायुक्त को मुख्यमंत्री की घोषणा याद दिलाना भूल गए, लेकिन इसके बाद भी व्यवस्था नहीं सुधरी। पानी के लिए शहर के कई हिस्सों में अब भी त्राहि-त्राहि मची हुई है।

स्मरण रहे कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने फरवरी 2021 के रतलाम दौरे के दौरान डोसीगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के गृह प्रवेश कार्यक्रम में जुलाई 2021 से रतलाम में प्रतिदिन जलप्रदाय शुरू कराने की घोषणा की थी। इस घोषणा को नगर निगम का अमला एक साल बाद भी पूरा नहीं कर सका है। दूसरी तरफ



शहर की जल प्रदाय व्यवस्था पूरी तरफ बिगड़ी हुई है। कभी पाइप लाइन फूटने, तो कभी पानी की टंकियां नहीं भरने के कारण शहरवासियों को समय पर जलप्रदाय नहीं किया जा रहा है। जल वितरण की इन्हीं समस्याओं को लेकर गत सप्ताह भाजपा मंडल अध्यक्षों और महामंत्री के प्रतिनिधिमंडल ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया से मुलाकात कर तत्काल व्यवस्था में सुधार की मांग की थी। श्री झारिया ने भी आश्वस्त किया था कि जल्द ही टंकियां भरने के कार्य की समीक्षा कर नई व्यवस्था बनाएंगे। इससे आम लोगों को समय पर जल वितरण हो सकेगा।

प्रतिनिधि मंडल ने निगमायुक्त को नलों से गंदा एवं मटमैला पानी आने की शिकायत भी की और जल प्रदाय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करने के साथ पानी की टंकियों से बहने वाले पानी पर रोक लगाने, पाइप लाइन के लिकेज तत्काल ठीक करने एवं धोलावाड़ से रतलाम के बीच पाइप लाइन फोड़ कर की जा रही पानी की चोरी पर

..शेष पृष्ठ 8 पर

## मुख्यमंत्री की नहीं सुनी, तो..... ?

नगर निगम की कार्यप्रणाली सर्वज्ञात है। निगम को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने डेढ़ साल पहले 6 महीनों में प्रतिदिन जलप्रदाय की शुरुआत करने को कहा था। एक साल बीतने के बाद भी निगम अमला मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल नहीं कर पाया है। निगम के जिस अमले को मुख्यमंत्री की घोषणा क्रियान्वित करनी है, उसे ही भाजपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल जलप्रदाय व्यवस्था सुधारने को कह रहा है। शहर में चर्चा है कि जिस अमले ने मुख्यमंत्री की नहीं सुनी, वह उनकी पार्टी के नेताओं की क्या खाक सुनेगा?

उपग्रह 5-5-22

10 रुपए के नींबू लाने में खर्च होगा 18 रुपए का पेट्रोल

# सब्जी में लगेगा महंगाई का तड़का, 1 नींबू लेने तय करना होगी लंबी दूरी

पत्रिका पब्लिक कनेक्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 5-5-22

रतलाम. शहर में गुरुवार से फल-सब्जी के फुटकर व्यापारियों की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। इस व्यवस्था का असर आम आदमी पर भी पड़ेगा। महंगाई के इस दौर में अब सब्जी पर भी महंगाई का तड़का लगेगा। शहर के कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं, जहां के लोगों को सब्जी लाने के लिए करीब 3 से 4 किमी की दूरी तय करना होगी। ऐसे में यदि किसी को दस रुपए का एक नींबू भी खरीदना है तो उसे 18 रुपए का पेट्रोल खर्च हो जाएगा। ऐसे में एक नींबू ही 28 रुपए का पड़ेगा।

## ऐसे समझे दूरी को

अब तक पैलेस रोड पर स्थित सब्जी मंडी में नजरबाग, श्रीमालीवास, दो मुंह की बावड़ी, मोचीपुरा, चिंगीपुरा, थावरिया बाजार आदि स्थान के लोग आराम से सब्जी-फल लेने आते रहे हैं। अब गुरुवार से इन्हे घर से काफी दूर जाना पड़ेगा। इसी प्रकार रामेश्वर महादेव मंदिर, महावीर नगर आदि क्षेत्र के लोग जावरा रोड स्थित पुराने बस स्टैंड पर आते रहे हैं, जिन्हे अब सब्जी लेने के लिए चेतक ब्रिज तक जाना होगा।

## ऐसे महंगा हो जाएगा अब नींबू



अन्य सब्जी या फल तो ठीक 10 रुपए का एक नींबू भी अब 28 रुपए में पड़ेगा। इसको ऐसे समझा जा सकता है कि रामेश्वर महादेव मंदिर से चेतक ब्रिज तीन किमी दूर है। ऐसे में आना-जाना 6 किमी पड़ेगा।

## अतिक्रमण मुक्त होगा शहर

- कलेक्टर का निर्णय बेहतर है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे शहर अतिक्रमण से मुक्त होगा। - **अनिल पेंडसे,** सामाजिक कार्यकर्ता

## फिर से विचार हो

- कलेक्टर को अपने निर्णय पर फिर से विचार करने की जरुरत है। आमतौर पर इस निर्णय से सबसे अधिक असर गृहणियों पर होगा। इससे सब्जी घर आते-आते महंगी हो जाएगी। - **राजेश्वरी रावल,** गृहणी, इंदिरा नगर

---

न्यूज ब्रीफ

## दिव्यांग युवक-युवती का विवाह आज

भास्कर

रतलाम | अलकापुरी स्थित अटल सभागृह में दिव्यांग युवक बद्दू अलावा और दिव्यांग युवती दुर्गा का विवाह समारोह गुरुवार को होगा। मप्र विकलांग मंच शाखा द्वारा समाजसेवियों की मदद से विवाह समारोह किया जा रहा है। सुबह 7.30 बजे बारात आएगी और सुबह 10 बजे शादी होगी। दोपहर 12 बजे आशीर्वाद समारोह होगा। मंच की प्रदेश महासचिव किरण पाटीदार और जिलाध्यक्ष राजेश परमार ने बताया दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देने के लिए शहर विधायक चेतन्य काश्यप, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

5/5/22

# पॉश कॉलोनियों में खाली पड़े ईडब्ल्यूएस और एलआईजी प्लॉट की होगी नीलामी

## जिले की 28 कॉलोनियों के 842 प्लॉटों की आवंटन प्रक्रिया 10 से

भास्कर संवाददाता | रतलाम

5-5-22

कॉलोनाइजरों ने कॉलोनियों में ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी वर्ग के लिए प्लॉट आरक्षित किए, लेकिन इनका आवंटन अब तक नहीं किया। जिले की 28 कालोनियों में ऐसे प्लॉटों की संख्या 842 है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 487 तथा एलआईसी श्रेणी के 355 प्लॉट है।

जानकारी मिलने पर जब जिला प्रशासन ने जांच कराई तो स्थिति सामने आई। अब कलेक्टर ने कॉलोनाइजरों को प्लॉट आवंटित करने के निर्देश दिए हैं। ताकि कॉलोनियों में आरक्षित प्लॉट उनके हकदारों को मिल सकें।

### कॉलोनाइजर आवंटन नहीं करेंगे तो प्रशासन खुद बेचेगा प्लॉट

बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कॉलोनाइजरों की बैठक ली। कॉलोनाइजरों को निर्देशित किया कि आगामी 10 मई से प्लॉट आवंटन संबंधी प्रक्रिया शुरू की जाए और एक महीने में प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। कॉलोनाइजर्स कॉलोनी में उपलब्ध प्लॉट की जानकारी तथा आवेदन संबंधी विज्ञप्ति जारी करना होगी। कॉलोनाइजर्स पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदन प्राप्ति पश्चात पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर सूची कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी। जहां परीक्षण कर अंतिम रूप दिया जाएगा। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात पात्र व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के निर्देश के बाद यदि संबंधित कॉलोनाइजर्स द्वारा आवंटन की कार्यवाही नहीं की जाएगी तो उक्त कार्य प्रशासन द्वारा किया जाएगा। पूर्व में यदि प्लॉट आवंटन में अनियमितता की है तो उसकी जांच की जाएगी। कॉलोनाइजर्स को निर्देशित किया कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस पूर्व विज्ञप्ति प्रारूप प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए।

### अन्य किसी को नहीं बेच सकेंगे प्लॉट

जिन व्यक्तियों को प्लॉट आवंटित किए जाएंगे वे अन्य किसी को विक्रय नहीं कर सकेंगे। इसके लिए समय सीमा शर्त लागू की जाएगी। उन व्यक्तियों को आवास निर्माण के लिए बैंकों से ऋण सुविधा हेतु प्रशासन मदद करेगा। कॉलोनाइजर कॉलोनी में उपलब्ध ईडब्ल्यूएस, एलआईजी भूखंडों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करें।

---

**10 मई से प्रक्रिया होगी शुरू, कलेक्टर ने कॉलोनाइजर्स को दिए निर्देश**

# ईडब्ल्यूएस और एलआईजी के भूखंड अब मिलेंगे असली हकदारों को

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

5-5-22

रतलाम. जिले की विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के लिए उपलब्ध भूखंडों जो अब तक उनके हकदारों को नहीं मिले थे, वह जल्द ही उन्हे मिलने जा रहे हैं। आवंटन से जुड़ी इस प्रक्रिया ने अब गति पकड़ ली है। इसे लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बुधवार को कॉलोनाइजर्स की बैठक आयोजित की। इसमें उन्हे निर्देशित किया गया कि आगामी 10 मई से भूखंड आवंटन संबंधी प्रक्रिया आरंभ कर दी जाए और आगामी एक माह में इसे पूरा कर लिया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी होगी। कॉलोनाइजर्स अपनी कॉलोनी में उपलब्ध भूखंडों की जानकारी तथा आवेदन संबंधी विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। शासन के प्रावधानों के तहत हकदारों को उनका हक मिलना चाहिए। विज्ञप्ति प्रकाशन के बाद कॉलोनाइजर्स पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदन के बाद उक्त व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर सूची कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी, जहां उसका परीक्षण करके अंतिम रूप दिया जाएगा। यहां कलेक्टर के अनुमोदन के बाद पात्र व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी।

## 28 कॉलोनियों में 842 भूखंड

कलेक्टर ने बताया कि अभी तक परीक्षण में जिले की 28 कालोनियों में 842 भूखंडों की उपलब्धता सामने आई है। इनमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 487 तथा एलआईसी वर्ग के लिए 355 भूखंड सम्मिलित हैं, परीक्षण जारी है। जिन कॉलोनाइजर्स द्वारा नियमानुसार संबंधित वर्गों को भूखंड आवंटित नहीं किए गए हैं, उनकी कालोनियों में उपलब्ध भूखंड अब प्रशासन संबंधित वर्गों को आवंटित करवाने जा रहा है।

## तो प्रशासन करेगा कार्रवाई

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन के निर्देश के बाद यदि संबंधित कॉलोनाइजर्स द्वारा आवंटन की कार्यवाही नहीं की जाएगी तो उक्त कार्य प्रशासन द्वारा किया जाएगा। पूर्व में भी यदि भूखंड आवंटन में अनियमितता की गई है तो उसकी जांच की जाएगी। कॉलोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस पूर्व विज्ञप्ति प्रारूप प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए।

## किसी को विक्रय नहीं कर सकेंगे

कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे वे अन्य किसी को विक्रय नहीं कर सकेंगे इसके लिए समय सीमा शर्त लागू की जाएगी। बैंकों से ऋण सुविधा के लिए प्रशासन मदद करेगा। कॉलोनाइजर अपनी कॉलोनी में उपलब्ध ईडब्ल्यूएस, एलआईजी भूखंडों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक भी उपस्थित थे।

नीलामी में नहीं लिया भाग, विधायक और पूर्व विधायक के घर भी किया प्रदर्शन

# सब्जी मंडी स्थानांतरित करने के पहले ही विक्रेताओं का पूरे दिन चला हंगामा





रतलाम » दबंग रिपोर्टर 5-5-22

शहर में यातायात दुरुस्त करने के लिए फुटकर सब्जी मंडियों की जगह बदलने और मुख्य मंडी में फुटकर विक्रय से हंगामा खड़ा हो गया है। सब्जी फुटकर विक्रेताओं ने बुधवार सुबह मंडी में प्रदर्शन किया और नीलामी में भाग भी नहीं लिया। इसके बाद भी प्रदर्शन शांत नहीं हुआ और स्टेशन रोड स्थित विधायक सभागृह में पहुंचे और हंगामा किया। इसके बाद पूर्व मंत्री और विधायक के घर भी पहुंचे और उन्हें भी समस्या बताई।

बुधवार सुबह पॉवर हाउस रोड स्थित सब्जी मंडी में फुटकर विक्रेताओं ने नाराज होकर मंडी में सब्जियां फेंककर धरना प्रदर्शन किया। छोटे सब्जी विक्रेताओं की नाराजगी थी कि सब्जी मंडी में थोक व्यापारी रिटेल शॉप का संचालन कर रहे हैं, जहां से सब्जियों की फुटकर बिक्री हो रही है। ऐसे में नगर निगम द्वारा फुटकर विक्रेताओं के लिए लागू की गई नई व्यवस्था में सब्जी खरीदने लोग पहुंचेंगे ही नहीं। हंगामे की सूचना मिलने पर मंडी प्रभारी एवं एसडीएम राजेश शुक्ला सब्जी मंडी पहुंचे और सब्जी विक्रेताओं को आश्वासन दिया। दो बत्ती थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला भी पहुंचे लेकिन विक्रेता शांत नहीं हुए।

## विधायक, फिर पूर्व मंत्री से मिलने पंहुचे

सब्जी विक्रेताओं ने विधायक चेतन्य काश्यप के निवास के बाहर पहुंचकर भी प्रदर्शन किया। विरोध करने वालों द्वारा यह बात कही जाती रही कि जहां नई सब्जी मंडी लगाने की बात कही जा रही है, वह शहर के बाहरी इलाकों में है। मंडी में फुटकर सब्जी सुबह ही बिक जाएगी तो फिर शहर के इन बाहरी इलाकों में सब्जी लेने के लिए अधिकांश ग्राहक नहीं पहुंचेंगे। दूसरी ओर वहां पर विक्रेताओ के लिए पानी, शौचालय, लाईट जैसी कोई भी सुविधा नहीं है। यहां से भी शांत नहीं हुए तो सब्जी विक्रेता सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर पूर्व गृहमंत्री और विधायक हिम्मत कोठारी के घर पहुंचे और वहां भी अपनी समस्या बताई।

## अब सिर्फ यहां लगेगी सब्जी मंडी

शहर में यातायात और अन्य समस्याओं के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी अभिषेक तिवारी सहित अधिकारियों की बैठक के बाद चार स्थानों पर ही सब्जी और फल मंडी लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके चलते 4 मई से ही नए स्थानों पर फुटकर विक्रेताओ को स्थानांतरित करना था। प्रशासन ने तय किया है कि नए स्थानों पर फल और सब्जी विक्रेता अपने रजिस्टर्ड प्लॉट पर दुकान लगाकर फल-सब्जी का विक्रय करेंगे। शहर के सैलाना ब्रिज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पंप के सामने, विनोबा नगर ग्रिड के पास और त्रिवेणी कल्याण नगर के सामने 5 मई से दुकानें लगाई जाएंगी। विक्रेता अपना पंजीयन करवाकर इन चार स्थानों पर दुकान लगा सकेंगे।

## ठेलागाड़ी और फुटपाथ पर विक्रय प्रतिबंधित

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि शहर में सड़क किनारे सब्जी, फल बेचने वालों को अब तय चार स्थानों पर ही व्यापार करना होगा। 5 मई से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित करने के लिए गुरुवार से जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। शहर में करीब 650 फल-सब्जी विक्रेताओं द्वारा विक्रय किया जाता है, जिनके द्वारा नए स्थानों पर दुकान के लिए पंजीयन भी किया जा रहा है। अपना फोटो एवं वैध परिचय पत्र सहित त्रिवेणी रोड कल्याण नगर में बुधवार सुबह 8 बजे से पंजीयन करवाना होगा। वास्तविक लोगों को ही सब्जी विक्रय के लिए स्थान देने के लिए जोनवार वीडियो रिकार्डिंग के साथ ही विक्रेताओं, व्यापारियों के फोटो भी लिए गए हैं।

फल-सब्जी मिलने के स्थान तय • विरोध में उतरे फल-सब्जी बेचने वाले, सुबह मंडी तो उसके बाद शहर के अलग-अलग स्थानों पर किया प्रदर्शन

# आज से बड़ा बदलाव : बाजार क्षेत्र में नहीं बेच सकेंगे फल-सब्जी, घर-घर जाने पर नहीं रोकेंगे, तीन नए स्थान होंगे तैयार

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए बड़ा बदलाव होने वाला है। बाजार क्षेत्र में एक भी फल-सब्जी ठेला नजर नहीं आएगा। शहर में 4 स्थान तय किए हैं, लोगों को वहीं जाकर फल-सब्जी खरीदना होगी। इधर, इस नई व्यवस्था का विरोध हो रहा है। बुधवार को फल-सब्जी बेचने वाले एकजुट हो गए, उनका कहना था कि मंडी के स्थान दूर-दूर बने हैं। ऐसे में यहां तक कम ग्राहक आएंगे। बहरहाल, अभी फैसला टला नहीं है। गुरुवार से बाजार क्षेत्र में फल-सब्जी के ठेलो पर रोक रहेगी।

शहरी क्षेत्र के ट्रैफिक का हाल खराब है। आलम ऐसा है कि शहर में बार-बार जाम के हालात बन रहे हैं। इस हाल से निजात पाने के लिए ही व्यवस्था में बदलाव किया है। हालांकि, इसका फैसला नवंबर-2021 में हो गया था, लेकिन, अब तक यह काम टल रहा था। कलेक्टर ने 25 अप्रैल की डेडलाइन दी थी, लेकिन नगर निगम नहीं कर सका। इस दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा थी, फिर ईद होने से मामला टला। गुरुवार से शहर में विनोबा नगर ग्रिड के पास, चेतक ब्रिज के नीचे, त्रिवेणी रोड और साक्षी पेट्रोल पंप के सामने सब्जी मिलेगी। यह शुरुआत है, नगर निगम के अधिकारियों की माने तो इसके बाद 3 और स्थान देखे हैं, जहां फल-सब्जी बेचने वालों को स्थान दिया जाएगा। नई व्यवस्था का बुधवार को जमकर विरोध हुआ है। सब्जी बेचने वालों ने सुबह से प्रदर्शन किया।

## जाम से राहत : त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में मंडी नहीं लगी तो ट्रैफिक रहा सुगम



यह तस्वीर त्रिपोलिया गेट से चांदनीचौक क्षेत्र की है, बुधवार को फल-सब्जी की दुकानें नहीं लगने से सड़क पर नहीं लगा जाम।



नगर निगम में पहुंचे सब्जी विक्रेताओं ने रखी अपनी बात।

### सब्जी विक्रेताओं ने ग्रामीण क्षेत्र से आने वालों को रोका 5-5-22

सुबह मंडी में फल-सब्जी बेचने वाले इकट्ठा होने लगे थे। थोक विक्रेताओं से चर्चा की और नीलामी नहीं करने को कहा। वे बाजार में घूमे और ग्रामीण क्षेत्र से सब्जी बेचने आए लोगों को उठाया। सभी पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी के आवास गए, फोन पर चर्चा कर समस्या को बताया। नगर निगम में आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा की, हालांकि, कोई समाधान नहीं निकला है।

### धनिया मिर्च चाहिए तो लेने कोई त्रिवेणी क्यों आएगा...

पैलेस रोड के सब्जी विक्रेता जुझारसिंह ने बताया प्रशासन कि व्यवस्था गलत है। व्यक्ति को आसपास ही सब्जी मिले, ऐसी व्यवस्था होना चाहिए। किसी को अर्जेंट में धनिया-मिर्च चाहिए तो वह त्रिवेणी नहीं जाएगा। जाता भी है तो नुकसान ही होगा। पहले व्यवस्था होना चाहिए, इसके बाद बदलाव हो। सब्जी विक्रेता रोज कमाते-खाते हैं, कई लोग बहुत गरीब है। ऐसे में उनका नुकसान होगा।

### आज फल-सब्जी मिलने में परेशानी आ सकती है

इधर, गुरुवार को फल-सब्जी मिलने में परेशानी आ सकती है। दरअसल, सब्जी विक्रेताओं का विरोध ठंडा नहीं हुआ है। ऐसे में वे मंडी बंद करने की तैयारी कर रहे हैं। इधर, सब्जी विक्रेताओं ने सब्जी नहीं बेचने का फैसला लिया। अन्य ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सब्जी बेचने वालों को भी रोकने की तैयारी हो रही है।

### सीधी बात — सुरेश व्यास, सिटी इंजीनियर, नगर निगम

**भास्कर** - आज फल-सब्जी विक्रेताओं का विरोध रहा है, कोई बदलाव?

**सिटी इंजीनियर** - फल-सब्जी वाले आए थे, उनका कहना है स्थल दूर-दूर है। समाधान करेंगे।

**भास्कर** - कॉलोनियों में सब्जी बेचने वालों पर सख्ती रहेगी?

**सिटी इंजीनियर** - कॉलोनियों में घूमकर सब्जी बेच सकते हैं। बाजार में रुक नहीं सकेंगे।

**भास्कर** - सब्जी के लिए तय जगह दूर-दूर है?

**सिटी इंजीनियर** - समाधान कर रहे हैं। अभी व्यवस्था शुरू हो जाए, इसके बाद 3 और जगह देखी है, जहां फल सब्जी वालों को स्थान दिया जाएगा।

**भास्कर** - हटाने की कार्रवाई कब से शुरू करेंगे?

**सिटी इंजीनियर** - कल सुबह से शुरू हो जाएगी, व्यवस्था का पालन कर होगा।





# सब्जी विक्रेताओं को नई व्यवस्था से परहेज : ग्रामीण क्षेत्रों से आए फुटकर विक्रेताओं को सब्जी बेचने से रोका

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

5-5-22

## सुबह से ऐसा जताया नई व्यवस्था का विरोध

*सभी फुटकर सब्जी और फल विक्रेता बुधवार सुबह नीलाम मंडी पहुंचे। यहां पर सब्जी और फल के थोक विक्रेताओं को नीलाम नहीं करने के लिए तैयार किया। इसके बाद सभी सब्जी और फल के फुटकर विक्रेता एकजुट होकर शहर के अलग-अलग मार्गों पर निकले और उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से आए फुटकर विक्रेताओं को सब्जी-फल बेचने से रोकने का आह्वान करते हुए कहा कि आज तुम साथ नहीं दोगे तो कल हम सबको परेशान होना पड़ेगा। सभी ने दोपहिया वाहनों पर सवार होकर सैलाना बस स्टैंड, गायत्री टॉकीज रोड़, शहीद चौक, लुहार रोड़, नीमचौक, बाजना बस स्टैंड आदि क्षेत्रों में घूमकर विरोध जताने के साथ सडक पर सब्जी और फल बेचने वालों की पोटलियां बंधवा दी।*

शहर में चार नए स्थानों पर सब्जी-फल व्यवसाय विक्रय की योजना तैयार होने के बाद प्रशासन के इस फैसले के विरोध में फुटकर सब्जी-फल विक्रेता लामबंद हो गए हैं। मंगलवार की तर्ज पर बुधवार को भी नई व्यवस्था से नाराज सब्जी-फल विक्रेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों से आए फुटकर विक्रेताओं को सब्जी नहीं बेचने दी। इसके लिए बड़ी संख्या में सब्जी-फल के फूटकर विक्रेता पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी के निवास पर मिलने भी पहुंचे।

शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर 5 मई से सिर्फ 4 स्थानों पर ही फल-सब्जी मिलेगी। सैलाना ओवर ब्रिज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पंप के सामने, विनोबा नगर ग्रिड के पास एवं त्रिवेणी रोड़ (कल्याण नगर) के सामने मंडी लगाई जाएगी। जिला प्रशासन के इस निर्णय पर मंगलवार को त्रिपोलिया गेट क्षेत्र के फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने धरना दिया था। इसके बाद बुधवार सुबह को प्रशासन के उक्त निर्णय के विरोध स्वरूप एकजुट हुए और दुकानें नहीं लगाने के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से सब्जी लेकर आने वालों को रोका गया।

नाराज फुटकर विक्रेता धर्मेंद्र बोरीवाल, विजय माली, सोनू सिसौदिया आदि ने बताया कि हमें त्रिवेणी रोड़ पर जगह देने की कह रहा है। शहरवासी इतनी दूर सब्जी और फल खरीदनें नहीं आएंगे, जिससे वह स्वयं का और परिवार का पालन-पोषण कैसे करेंगे? फुटकर विक्रेताओं ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि वर्तमान में वह जहां सब्जी और फल बेच रह हैं, उसी स्थान पर लाइन खींच दी जाए। इसके बाद हम लाइन से बाहर सामान रखते हैं या फिर नियम तोड़ते हैं, तो हमारे खिलाफ कार्रवाई करने के अलावा सामान जब्त किया जाए।

# विरोध में फुटकर सब्जी व्यापारी, पूर्व गृह मंत्री के घर पहुंचे

रतलाम। शहर में आज से सड़क और फुटपाथ पर फल तथा सब्जी नहीं बेचा जा सकेगी। फल और सब्जी वालों को त्रिवेणी रोड सहित अन्य चार स्थानों पर जगह दी जा रही है। इसी को लेकर विरोध भी जारी हैं। बुधवार को फूटकर सब्जी व्यापरी पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी के घर पहुंचे।



## आज से तय स्थानों पर करना होगा व्यापार

नाराज फुटकर व्यापारी धर्मेन्द्र बोरीवाल, विजय माली, सोनू सिसीदिया, राकेश माली ने कहा कि प्रशासन हमें शहर से दूर त्रिवेणी रोड पर जगह देने का कह रहा है। शहरवासी तो इतनी दूर सब्जी और फल खरीदने आएंगा नहीं तो क्या हम वहां खरीदी को कौन आएगा। धर्मेन्द्र बोरीवाल ने बताया कि प्रशासन से हमारा अनुरोध है कि हम जहां सब्जी और फल बेच रहे है उसी जगह पर हमें भले ही ओर पीछे कर बकायदा रेखा खींच दी जाएं अगर उस सीमा से बाहर हमारी दुकान लगें तो जितना भी सामान हो उसे बरामद कर लिया जाए। लेकिन उसी जगह फल और सब्जी बेचने की अनुमति दी जाए। ये सभी फुटकर व्यापारी सुबह-सुबह फल और सब्जी नीलाम मंडी पहुंचे और सब्जी नहीं बेचने के लिए व्यापारियों को तैयार किया। यहां से सभी एकजुट होकर शहर में निकले और जहां-जहां सड़क और ठेले पर फल और सब्जी बेचते दिखाई दिएं उनसे वापस पोटलियां बंधवा दी और बोरे भरवा दिए। कहा कि आज अगर तुम साथ नहीं दोगे तो कल हम सबको परेशान होना पड़ेगा। सैलाना बसस्टेंड, लुहाररोड, नीमचौक, बाजना बसस्टेंड आदि क्षेत्रों में घूमकर इन्होंने विरोध जताया। गौरतलब हैं कि 5 मई से जमीन और ठेलागाड़ी अथवा सड़क एवं फुटपाथ पर फल और सब्जी बेचने पर पूरी तरह से रोक लगाई जा रही है। यातायात के इंतजाम को बेहत्तर करने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने इस संबंध में निर्देश जारी कर चार जगह ऐसे तय की गई है जहां फल और सब्जी बेची जा सकेंगी। शहर के लिए पहली जगह त्रिवेणी रोड कल्याणनगर के सामने, दूसरी जगह सैलाना बसस्टेंड चेतक ब्रिज के नीचे, पटरी पार के लिए साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने तथा विनोबानगर ग्रीड के पास जगह तय की गई है।

### बड़ी संख्ख में पहुंचे व्यापारी

फुटकर व्यापारी सैकड़ों की तादात में जमा होकर पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी के यहां पहुंच गए। उनका कहना था कि हमारी कोई नहीं सुन रहा है। जमीन एवं ठेलागाड़ी के अलावा सड़क और फुटपाथ पर सब्जी और फल बेचने पर प्रशासन कल से मना कर रहा है। हमें शहर से दूर इलाके में भेजा जा रहा है, जहां हर कोई व्यक्ति सब्जी और फल खरीदने नहीं आएगा। और अगर हम वहां दुकान लगाएंगे तो खाएंगे क्या? कोई भी हमारी सुनने को नहीं है कम से आप तो हमारी सूनो।

# कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने अस्पताल स्टाफ के लिए नि-शुल्क पेयजल व्यवस्था का अवलोकन किया

**रतलाम ( तेज एक्सप्रेस )।** सोमवार को कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिला चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान गंगा जल सेवा समिति द्वारा जिला चिकित्सालय स्टाफ के लिए की जा रही निःशुल्क पेय जल व्यवस्था का अवलोकन किया।

समिति के श्री चेतन पोरवाल द्वारा जानकारी दी गई कि गंगा जल सेवा समिति में श्री मनीष शर्मा, श्री ओमप्रकाश तिवारी, श्री संजय व्यास तथा श्री चेतन पोरवाल द्वारा विगत 4 वर्षों से जिला चिकित्सालय बाल चिकित्सालय तथा मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में निःशुल्क पेयजल व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर ने समिति के कार्य की सराहना की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, सिविल सर्जन डॉक्टर आनंद चंदेलकर, श्री गोविंद काकानी भी उपस्थित थे।

# फल-सब्जी विक्रेताओं की जिला व निगम अधिकारियों ने ली बैठक

- शहर हित में तय स्थान पर फल-सब्जी विक्रय की दी समझाईश
- सब्जी-फल विक्रेता निर्धारित स्थल पर व्यवसाय हेतु अपना पंजीयन करवाएं
- 272 फल सब्जी विक्रेताओं ने कराया पंजीयन

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

5-5-22

यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित किए जाने हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम नगर में 5 मई से जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किए जाकर तय 4 स्थानों पर ही फल-सब्जी का विक्रय किए जाने के संबंध में जिला एवं निगम अधिकारियों ने फल-सब्जी विक्रेताओं की बैठक निगम सभागृह में लेकर तय स्थान पर फल-सब्जी विक्रय के संबंध में सुझाव आमंत्रित कर उन्हें होने वाली परेशानियों को दूर करने हेतु आश्वस्त किया।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने फल-सब्जी विक्रेताओं से आव्हान किया कि रतलाम शहर आपका अपना शहर है, इसे ओर अधिक सुन्दर व सर्वसुविधायुक्त बनाने में आपकी अहम भूमिका है। पटरी के इस पार व्यापारिक व घनी आबादी का क्षेत्र होने व यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित किए जाने हेतु जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाकर त्रिवेणी रोड़ कल्याण नगर के सामने वाला क्षेत्र फल-सब्जी विक्रय हेतु तय किया गया है। आप अपना पंजीयन कर निर्धारित स्थल पर फल-सब्जी का विक्रय करना सुनिश्चित् करें। आपकी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्थल पर मूलभुत सुविधाऐं उपलब्ध कराई जाएगी।



उन्होंने ने कहा कि आज 241 सब्जी व 31 फल विक्रेताओं ने त्रिवेणी रोड़ कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय हेतु अपना पंजीयन करा चुके हैं, आप भी तत्काल अपना पंजीयन कराना सुनिश्चित् करें।

फुटकर फल-सब्जी विक्रेताओं की मांग पर एस डी एम राकेश शुक्ला ने कहा कि सैलाना बस स्टैण्ड सब्जी मण्डी में फल-सब्जी का विक्रय थोक में होगा ना कि किलो दो किलो में। साथ ही उन्होंने कहा कि फुटकर फल-सब्जी विक्रेता कॉलोनियों में घुम-घुम कर ठेले पर फल-सब्जी का विक्रय कर सकेंगे। तय स्थान पर फल-सब्जी विक्रय हेतु उन्होंने फुटकर विक्रेताओं का तत्काल अपना पंजीयन कराने की समझाईश दी।

इस अवसर पर सीए स पी हेमन्त चौहान, डी एस पी अमित कुमार राय, उपायुक्त विकास सोलंकी, नायब तहसीलदार कुलभूषण शर्मा, मण्डी सचिव एम.एस. मुनिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला के अलावा अनुराग यादव, राजेन्द्र व्यास आदि उपस्थित थे।

# हंगामा-सब्जियां फेंककर किया प्रदर्शन

**रतलाम ( तेज़ एक्सप्रेस जितेन्द्र देवड़ा )।** रतलाम सब्जी मंडी में आज फुटकर व्यापारियों ने हंगामा कर दिया। सब्जी मंडी में सब्जियों की फुटकर बिक्री से नाराज होकर सब्जी विक्रेताओं ने मंडी में सब्जियां फेंककर धरना प्रदर्शन किया। छोटे सब्जी विक्रेताओं की नाराजगी थी कि सब्जी मंडी में थोक व्यापारी रिटेल शॉप का संचालन कर रहे हैं। जहां से सब्जियों की फुटकर बिक्री हो रही है।

5-5-22

ऐसे में नगर निगम द्वारा फुटकर विक्रेताओं के लिए लागू की गई नई व्यवस्था में सब्जी खरीदने लोग पहुंचेंगे ही नहीं। हंगामे की सूचना मिलने पर मंडी प्रभारी एवं एसडीएम राजेश शुक्ला सब्जी मंडी पहुंचे और सब्जी विक्रेताओं को आश्वासन दिया कि सब्जी मंडी में सब्जियों की रिटेल बिक्री नहीं होने दी जाएगी ।

दरअसल रतलाम शहर में फुटकर फल - सब्जी विक्रेताओं के लिए है चार स्थान तय किए गए हैं। इसके अतिरिक्त शहर में सडकों और फुटपाथ पर फल और सब्जी बेचना पूर्ण तरह प्रतिबंधित किया गया है। जिसे लेकर छोटे फल और सब्जी विक्रेताओं में निगम प्रशासन के प्रति नाराजगी भी है। वहीं, आज सुबह सब्जी मंडी में सब्जियों की रिटेल बिक्री को लेकर फुटकर सब्जी विक्रेता भडक उठे और मंडी में ही सब्जियां फेंककर धरने पर बैठ गए। एसडीएम राजेश शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर सब्जी विक्रेताओं को समझाइश दी और सब्जी मंडी में सब्जियों और फल की रिटेल बिक्री पर रोक लगाने का आश्वासन दिया।

तेज एक्सप्रेस

# जो सुविधा चाहिए देंगे लेकिन सड़कों पर सब्जी नहीं बिकेगी

## मंडी में सुबह फुटकर विक्रेताओं ने किया हंगामा, शाम को निगम में बैठक

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में आज से चार स्थानों पर ही फल व सब्जी बेचने की अनुमति रहेगी। इस नई व्यवस्था से नाराज फुटकर फल व सब्जी विक्रताओं ने बुधवार सुबह पावर हाउस रोड स्थित सब्जी मंडी में चक्काजाम कर दिया और सब्जी फेंककर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर एसडीएम राजेश शुक्ला, स्टेशन रोड थाना टीआइ किशोर पाटनवाला मय बल के मौके पर पहुंचे और विक्रेताओं को समझाइश देकर मामला शांत कराया।

दरअसल नई व्यवस्था को लेकर फुटकर विक्रेताओं का कहना था कि थोक मंडी में सुबह फुटकर सब्जी भी बेची जाती है। हम तय स्थानों पर बैठेंगे तो ग्राहक थोक मंडी से ही सब्जी खरीद लेंगे। इस पर एसडीएम ने आश्वासन दिया कि थोक मंडी में सब्जी या फल की फुटकर बिक्री नहीं होने देंगे। इसके बाद मंडी में आवाजाही सामान्य हो पाई। फुटकर विक्रेता शहर विधायक चेतन्य काश्यप व पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी के निवास पर भी पहुंचे। बाद में सभी को निगम सभागार में शाम पांच बजे बैठक में बुलाया गया। बैठक में एसडीएम शुक्लला, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएसपी हेमंत चौहान सहित अन्य अधिकारियों ने विक्रेताओं की बात सुनी और नई व्यवस्था की जानकारी दी। कई विक्रेताओं ने पुराने स्थान पर ही व्यापार की अनुमति मांगी, लेकिन चिन्हित स्थानों पर ही सब्जी बेचने के लिए सभी को निर्देशित किया गया।



5-5-22

सैलाना बस स्टैंड स्थित मंडी मे धरने पर बैठे सब्जी विक्रेता। ● नईदुनिया

### फुटकर विक्रेताओं के लिए यह गाइडलाइन

- फेरी लगाकर कालोनियों, मोहल्लों में पहले की तरह सब्जी-फल बेचे जा सकेंगे।
- चयनित स्थलों पर सभी सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन सड़क किनारे बैठे तो कार्रवाई होगी।
- थोक मंडी में फुटकर माल नहीं बिकेगा।
- पंजीयन कराकर विक्रेता अपनी पसंद वाले क्षेत्र में व्यापार कर सकेंगे।

### 241 ने कराए पंजीयन

बुधवार सुबह से शाम तक कल्याण नगर क्षेत्र में सब्जी विक्रय के लिए 240 विक्रेताओं ने पंजीयन कराए। फल विक्रय के लिए पंजीयन कराने वालों की संख्या करीब 31 है। इसमें कई लोग ऐसे भी है जो नियमित दुकान नहीं लगाते है। निगम अमले ने दो माह पूर्व सूची बनाकर विक्रेताओं की फोटोग्राफी भी की थी। अब मिलान करके नियमित दुकान लगाने वालों को पहले स्थान दिया जाएगा। निगम अमले ने कल्याण नगर क्षेत्र के चयनित स्थान को जेसीबी से समतल करने के साथ अन्य इंतजाम भी किए हैं।

### वाटसएप पर शहरवासियों ने दिए सुझाव, स्थान बढ़ाने की मांग

प्रशासन ने त्रिवेणी रोड पर कल्याण नगर के समीप, सैलाना रोड पर साक्षी पेट्रोल पंप के सामने, सैलाना रोड ओवरब्रिज के नीचे व विनोबा नगर ग्रीड के पास सब्जी बेचने के लिए स्थान तय किया है। इस मुद्दे पर बुधवार को दिन भर इंटरनेट मीडिया पर भी आमजन चर्चा करते रहे। शहर में चार स्थानों को कम मानते हुए कुछ और स्थान पर भी व्यवस्था बनाने की मांग की गई। इसमें टीआइटी रोड क्षेत्र के विक्रेताओं को पोलोग्राउंड के समीप स्थान देने, काशीनाथ का नोहरा, बाजना रोड स्थित जैन स्कूल के पीछे आदि स्थान सुझाए गए।

# विभिन्न कालोनियों में गरीब और मध्यम वर्ग को एक महीने में मिलेंगे प्लाट

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले की विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआइजी वर्गों के आरक्षित प्लाट दबाकर बैठे कालोनाइजरों पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नकेल कस दी है। हकदारों को एक माह में प्लाट आवंटन करने के निर्देश कलेक्टर ने बुधवार को संबंधित कालोनाइजरों की बैठक में दिए। कालोनाइजरों को निर्देशित किया गया कि 10 मई से भूखंड आवंटन संबंधी प्रक्रिया आरंभ कर दी जाए। कलेक्टर ने बताया कि अभी तक जिले की 28 कालोनियों में 842 प्लाट की उपलब्धता सामने आई है इनमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के 487 तथा एलआइजी वर्ग के 355 भूखंड सम्मिलित हैं। अभी और भी भूखंडों की जानकारी मिलेगी। जिन कालोनाइजरों द्वारा नियमानुसार संबंधित वर्गों को भूखंड आवंटित नहीं किए हैं वे भूखंड अब प्रशासन संबंधित वर्गों को आवंटित करवाने जा रहा है। यदि संबंधित द्वारा आवंटन की कार्रवाई नहीं की जाएगी तो यह कार्य प्रशासन करेंगा। पूर्व में भी यदि भूखंड आवंटन में अनियमितता की गई है तो उसकी जांच की जाएगी।

### इस तरह पूरी होगी प्रक्रिया

कालोनाइजर कालोनी में उपलब्ध भूखंडों की विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित कर पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदनों का कलेक्टर कार्यालय में परीक्षण करके अंतिम रूप दिया जाएगा। कलेक्टर के अनुमोदन के बाद पात्र व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी। जिन व्यक्तियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे वे अन्य किसी को विक्रय नहीं कर सकेंगे। इसके लिए समय सीमा शर्त लागू रहेगी। उन व्यक्तियों को आवास निर्माण के लिए बैंकों से ऋण सुविधा के लिए प्रशासन मदद करेगा।

### जिले की कालोनियों में यह स्थिति



- **रतलाम** : सम्यक रिसोर्सेज मे ईडब्ल्यूएस की 1605 वर्ग मीटर तथा एलआइजी की 42.80 वर्ग मीटर भूमि, सम्यक गोल्ड सिटी कालोनी में जी-2 ब्लाक, एलआइजी के 73 प्लाट, आदिनाथ सिटी करमदी रोड पर ईडब्ल्यूएस की 430 वर्ग मीटर भूमि, एलआइजी के 22 प्लाट, ग्रीन सीटी अशोक नगर मे ईडब्ल्यूएस की 465 वर्ग मीटर भूमि, एलआइजी के 23 प्लाट, अंजनीधाम कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 26 व एलआइजी के 13 प्लाट, अरिहन्त परिसर सेक्टर 1 मे ईडब्ल्यूएस के 57 प्लाट, निमंत्रण डेवलपर्स कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 7, एलआईजी का 1 प्लाट, अष्ट विनायक रेसीडेंसी कालोनी मे एलआइजी के 3, एक्सप्रेस सिटी ग्रामीण क्षेत्र मे ईडब्ल्यूएस के 12, एलआइजी के 11, पुखराज रेसीडेंसी कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 6 व एलआइजी के 5 प्लाट उपलब्ध है। इसी तरह श्री कृष्णविहार कालोनी ग्राम धराड़ मे ईडब्ल्यूएस के 17, मिड टाउन कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 11 एलआइजी के 8, मंगलम सिटी कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 5, ग्लोबस रियल स्टेट डेवलपर्स मे ईडब्ल्यूएस का 1, समता सिटी कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 36 तथा एलआइजी का 1, शत्रुंजय विहार कालोनी करमदी मे ईडब्ल्यूएस के 5, शुभम रेसीडेंसी कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 24, त्रिपुंड रियल स्टेट एंड डेवलपर्स की रतलाम ग्रामीण क्षेत्र कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 9, एलआइजी के 9, कालोनाइजर चंद्रप्रकाश भंडारी की ग्राम हापुखेड़ी कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 9, एलआइजी के 8 एवं शगुनश्री कालोनी ऊंकाला रोड बजरंग नगर तथा महू-नीमच रोड के पास ईडब्ल्यूएस के 30 तथा एलआइजी के 20 प्लाट उपलब्ध है।
- **जावरा** : मोहन परिसर मे ईडब्ल्यूएस का जी-प्लस 2 ब्लाक, राजेन्द्र जैन परिसर मे ईडब्ल्यूएस के 10, एलआइजी के 4, रत्नराज परिसर कालोनी ग्राम सुजावत मे ईडब्ल्यूएस की 1317 वर्गमीटर भूमि, एलआइजी की 878 वर्गमीटर भूमि, अनिल कुमार दसेडा जावरा की कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 84, एलआइजी के 54 प्लाट है।
- **आलोट** : शिवधाम कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 30, एलआइजी के 9, शिववाटिका कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 6, एलआइजी के 4, सीएस एवेन्यू कस्बा विक्रमगढ मे ईडब्ल्यूएस के 36, एलआइजी के 24, बीआइपी कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 33, एलआइजी के 24, पार्श्वनाथ विहार कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 15, एलआइजी के 10, अरिहन्त विहार कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 12, एलआइजी के 8 प्लाट है
- **ताल** : आरएम टाउनशिप कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 30, एलआइजी के 20 प्लाट उपलब्ध है।
- **सैलाना** : आनंद विहार कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 8, विजय रियल स्टेट मे ईडब्ल्यूएस के 15 व एलआइजी के 10 प्लाट उपलब्ध है।

बोले, हमें मंजूर नहीं यह अव्यवस्था

# सब्जी विक्रेताओं ने घेरा विधायक कार्यालय कीटनाशक दिखा कर दी आत्महत्या की धमकी







रतलाम. शहर में गुरुवार से शुरू की जा रही सब्जी मंडी की नई व्यवस्था को लेकर फुटकर व्यापारियों में खासी नाराजगी है। इसे लेकर बुधवार को सुबह से लेकर दोपहर बाद तक हंगामें की स्थिति बनी रही। सुबह मंडी में हुए हंगामें के बाद यहां की स्थिति को संभालने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। उसके बाद एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों ने आकर मंडी व्यापारियों के साथ फूटकर व्यापारियों को समझाइश भी दी लेकिन थोड़ी ही देर बाद यह लोग फिर से बिफर गए। दोपहर में सभी फुटकर व्यापारी शहर विधायक चेतन्य काश्यप और पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी के यहां पहुंचे और उनसे मिलकर अपनी बात रखी। पहले दिन 241 सब्जी और 34 फल व्यापारियों के पंजीयन हुए हैं।

फुटकर व्यापारियों के लिए सब्जी मंडी की नई व्यवस्था से नाराज कई सारे व्यापारियों द्वारा बुधवार को अपनी दुकानें नहीं लगाई थी। दरअसल सभी लोग एकत्र होकर अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर उन्हें शहर के भीतर से नहीं हटाए जाने की मांग कर रहे थे लेकिन कहीं पर भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। नाराज होकर विधायक कार्यालय पहुंचे सब्जी के फुटकर व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को जमकर कोसा।

विधायक कार्यालय पर विधायक चेतन्य काश्यप से मिलने पहुंचे फुटकर व्यापारियां से मिलने विधायक बाहर आए लेकिन हंगामें चर्चा नहीं हो पाई। बाद में विधायक ने कुछ लोगों को कार्यालय में बुलाया और चर्चा कर शहरहित नई व्यवस्था में साथ देने की बात कही। साथ ही आश्वस्त किया कि वहां पर उन्हे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

## बच्चों सहित कीटनाशक पी लूंगा

नई व्यवस्था से नाराज एक फुटकर व्यापारी हाथ में एक कीटनाशक दवा की थैली लेकर बोला कि यदि हमारी समस्या का निराकरण नही हुआ तो भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निवास पर पहुंचकर, वहीं पर अपने बच्चों के साथ खुद कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर लूंगा। युवक के यह बात बोलने पर उसे ऐसी बात नहीं करने की समझाइश दी गई।

5-5-22

## यहां लगेगी दुकानें

निगम प्रशासन द्वारा स्थान चयन के बाद गुरुवार से सब्जी मंडी त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने के अतिरिक्त फल-सब्जी का विक्रय सैलाना रोड ब्रिज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, विनोबा नगर ग्रीड के पास होगा।' फल, सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थल चयन के बाद नगर निगम द्वारा इनके लिए 4 बाय 4 के ब्लाक चुने की लाइन डालकर तैयार किए हैं।

## पंजीयन की शुरूआत

जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रेताओं के साथ शाम को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित अन्य अधिकारियों ने बैठक ली। इस दौरान सब्जी व फल विक्रेताओं को पूरी मदद करने का भरोसा दिया गया। बुधवार को 241 सब्जी व 31 फल विक्रेताओं ने त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी बिक्री के लिए अपना पंजीयन कराया। इस दौरान एसडीएम राजेश शुक्ला, सीएसपी हेमंत चौहान, निगम उपायुक्त विकास सोलंकी सहित अन्य उपस्थित रहे।

शहर में जगह-जगह लोग सब्जी बेच रहे थे, उनके लिए एक जगह तय की गई है, उसके लिए उनका विरोध था कि मंडी से भी फूटकर नहीं बिकेगा। शहर में फुटकर व्यापारियों के लिए चार स्थान चिन्हित किए गए है। नगर निगम सभी के परिचय पत्र बना रह है, यहीं लोग मंडी में व्यापारियों से सब्जी खरीद सकेंगे। ठैलागाड़ी से फेरी लगाने वाले भी फेरी नहीं ल सकेंगे।

**राजेश शुक्ला,** एसडीएम रतलाम

विरोध इसलिए किया गया था कि यह थोक मंडी है और यहां पर रिटेल काउंटर किया जा रहा हैं, इसी बात का विरोध था। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी आए है, उन्होने आश्वस्त किया है, कि यहां पर रिटेल काउंटर नहीं होगा। नए स्थान पर व्यवस्था के लिए अधिकारियों से मांग की है। पानी, शौचालय, लाइट की मांग की है।

**राकेश माली,** फुटकर व्यापारी

# कॉलोनियों में आवंटन से बचाए गए ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के भूखंड अब मिलेंगे उनके हकदारों को

## कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कॉलोनाइजर्स को 10 मई से प्रक्रिया आरंभ कर 1 माह में पूर्ण करने के दिए निर्देश

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

5-5-22

जिले की विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के लिए उपलब्ध जिन भूखंडों को अब तक उनके हकदारों को आवंटित नहीं किया गया है, वे भूखंड अब आवंटित किए जाने वाले हैं। आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए कार्रवाई में तेजी लाइ गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा बुधवार को संबंधित कॉलोनाइजर्स की बैठक आयोजित की गई। कालोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि आगामी 10 मई से भूखंड आवंटन संबंधी प्रक्रिया आरंभ कर दी जाए। एक माह में प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी होगी। कॉलोनाइजर्स अपनी कॉलोनी में उपलब्ध भूखंडों की जानकारी तथा आवेदन संबंधी विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। शासन के प्रावधानों के तहत हकदारों को उनका हक मिलना चाहिए। विज्ञप्ति प्रकाशन पश्चात कॉलोनाइजर्स पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदन प्राप्ति पश्चात पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर सूची कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी जहां उसका परीक्षण करके अंतिम रूप दिया जाएगा। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात पात्र व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि अभी तक परीक्षण में जिले की 28 कालोनियों में 842 भूखंडों की उपलब्धता सामने आई है इनमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 487 तथा एलआईसी वर्ग के लिए 355 भूखंड



उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे वे अन्य किसी को विक्रय नहीं कर सकेंगे इसके लिए समय सीमा शर्त लागू की जाएगी। उन व्यक्तियों को आवास निर्माण के लिए बैंकों से ऋण सुविधा हेतु प्रशासन मदद करेगा। कॉलोनाइजर अपनी कॉलोनी में उपलब्ध ईडब्ल्यूएस, एलआईजी भूखंडों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री अरुण पाठक भी उपस्थित थे।

जिले में स्थित विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 7 भूखण्ड एलआईजी का 1 भूखण्ड, अष्ट विनायक रेसीडेंसी कालोनी में एलआईजी के 3 भूखण्ड, एक्सप्रेस सिटी ग्रामीण क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस के 12 भूखण्ड तथा एलआईजी के 11 भूखण्ड, पुखराज रेसीडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड तथा एलआईजी के 5 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

इसी तरह श्री कृष्णविहार कालोनी ग्राम धराड़ में ईडब्ल्यूएस के 17 भूखण्ड, मिड टाउन कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 11 भूखण्ड एलआईजी के 8 भूखण्ड, मंगलम सिटी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 5 भूखण्ड, ग्लोबस रियल स्टेट डेवलपर्स में ईडब्ल्यूएस का जी-प्लस 2 ब्लाक, राजेन्द्र जैन परिसर में ईडब्ल्यूएस के 10 भूखण्ड एलआईजी के 4 भूखण्ड, रतराज परिसर कालोनी ग्राम सुजावत में ईडब्ल्यूएस की 1317 वर्गमीटर भूमि तथा एलआईजी की 878 वर्गमीटर भूमि, अनिल कुमार दसेडा जावरा की कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 84 भूखण्ड तथा एलआईजी के 54 भूखण्ड उपलब्ध हैं। इसी प्रकार आलोट शहर की शिवधाम कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 30 भूखण्ड एलआईजी के 9 भूखण्ड, शिववाटिका कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड एलआईजी के 4 भूखण्ड, सी.एस. एवेन्यू

# प्रक्रिया आरंभ कर 1 माह में पूर्ण करने के दिए निर्देश



जिले की विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के लिए उपलब्ध जिन भूखंडों को अब तक उनके हकदारों को आवंटित नहीं किया गया है, वे भूखंड अब आवंटित किए जाने वाले है। आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए कार्रवाई में तेजी लाइ गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा बुधवार को संबंधित कॉलोनाइजर्स की बैठक आयोजित की गई। कालोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि आगामी 10 मई से भूखंड आवंटन संबंधी प्रक्रिया आरंभ कर दी जाए। एक माह में प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी होगी। कॉलोनाइजर्स अपनी कॉलोनी में उपलब्ध भूखंडों की जानकारी तथा आवेदन संबंधी विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। शासन के प्रावधानों के तहत हकदारों को उनका हक मिलना चाहिए। विज्ञप्ति प्रकाशन पश्चात कॉलोनाइजर्स पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदन प्राप्ति पश्चात पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर सूची कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी जहां उसका परीक्षण करके अंतिम रूप दिया जाएगा। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात पात्र व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि अभी तक परीक्षण में जिले की 28 कालोनियों में 842 भूखंडों की उपलब्धता सामने आई है इनमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 487 तथा एलआईसी वर्ग के लिए 355 भूखंड सम्मिलित है, परीक्षण जारी है। निश्चित रूप से अभी और भी भूखंडों की जानकारी मिलेगी। जिन कॉलोनाइजर्स द्वारा नियमानुसार संबंधित वर्गों को भूखंड आवंटित नहीं किए गए हैं उनकी कालोनियों में उपलब्ध भूखंड अब प्रशासन संबंधित वर्गों को आवंटित करवाने जा रहा है।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन के निर्देश के बाद यदि संबंधित कॉलोनाइजर्स द्वारा आवंटन की कार्यवाही नहीं की जाएगी तो उक्त कार्य प्रशासन द्वारा किया जाएगा। पूर्व में भी यदि भूखंड आवंटन में अनियमितता की गई है तो उसकी जांच की जाएगी। कॉलोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस पूर्व विज्ञप्ति प्रारूप प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे वे अन्य किसी को विक्रय नहीं कर सकेंगे इसके लिए समय सीमा शर्त लागू की जाएगी। उन व्यक्तियों को आवास निर्माण के लिए बैंकों से ऋण सुविधा हेतु प्रशासन मदद करेगा। कॉलोनाइजर अपनी कॉलोनी में उपलब्ध ईडब्ल्यूएस, एलआईजी भूखंडों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री अरुण पाठक भी उपस्थित थे।

जिले में स्थित विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्ग के लिए रिक्त भूमि तथा प्लाट की जानकारी निम्नानुसार है - रतलाम की सम्यक रिसोर्सेज में ईडब्ल्यूएस की 1605 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी की 42.80 वर्ग मीटर मीटर भूमि, सम्यक गोल्ड सिटी कालोनी में जी-2 ब्लाक तथा एलआईजी के 73 भूखण्ड, आदिनाथ सिटी करमदी रोड पर ईडब्ल्यूएस की 430 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी के 22 भूखण्ड, ग्रीन सीटी अशोक नगर में ईडब्ल्यूएस की 465 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी के 23 भूखण्ड, अंजनीधाम कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 26 भूखण्ड तथा एलआईजी के 13 भूखण्ड, अरिहन्त परिसर सेक्टर 1 में ईडब्ल्यूएस के 57 भूखण्ड, निमंत्रण डेवलपर्स कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 7 भूखण्ड एलआईजी का 1 भूखण्ड, अष्ट विनायक रेसीडेंसी कालोनी में एलआईजी के 3 भूखण्ड, एक्सप्रेस सिटी ग्रामीण क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस के 12 भूखण्ड तथा एलआईजी के 11 भूखण्ड, पुखराज रेसीडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड तथा एलआईजी के 5 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

इसी तरह श्री कृष्णविहार कालोनी ग्राम धराड में ईडब्ल्यूएस के 17 भूखण्ड, मिड टाउन कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 11 भूखण्ड एलआईजी के 8 भूखण्ड, मंगलम सिटी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 5 भूखण्ड, ग्लोबस रियल स्टेट डेवलपर्स में ईडब्ल्यूएस का 1 भूखण्ड, समता सिटी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 36 तथा एलआईजी का 1 भूखण्ड शत्रुंजय विहार कालोनी करमदी में ईडब्ल्यूएस के 5 शुभम रेसीडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 24, त्रिपुंड रियल स्टेट एंड डेवलपर्स की रतलाम ग्रामीण क्षेत्र कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 9 तथा एलआईजी के 9 भूखण्ड, कालोनाइजर चन्द्रप्रकाश भण्डारी की ग्राम हापुखेडी कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 9 तथा एलआईजी के 8 भूखण्ड एवं शगुनश्री कालोनी ऊकाला रोड बजरंग नगर तथा महू-नीमच रोड के पास ईडब्ल्यूएस के 30 तथा एलआईजी के 20 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

इसी प्रकार जावरा के मोहन परिसर में ईडब्ल्यूएस का जी-प्लस 2 ब्लाक, राजेन्द्र जैन परिसर में ईडब्ल्यूएस के 10 भूखण्ड एलआईजी के 4 भूखण्ड, रत्नराज परिसर कालोनी ग्राम सुजावत में ईडब्ल्यूएस की 1317 वर्गमीटर भूमि तथा एलआईजी की 878 वर्गमीटर भूमि, अनिल कुमार दसेडा जावरा की कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 84 भूखण्ड तथा एलआईजी के 54 भूखण्ड उपलब्ध हैं। इसी प्रकार आलोट शहर की शिवधाम कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 30 भूखण्ड एलआईजी के 9 भूखण्ड, शिववाटिका कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड एलआईजी के 4 भूखण्ड, सी.एस. एवेन्यू कस्बा विक्रमगढ में ईडब्ल्यूएस के 36 भूखण्ड एलआईजी के 24 भूखण्ड, वीआईपी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 33 भूखण्ड एलआईजी के 24 भूखण्ड, पार्श्वनाथ विहार कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 15 भूखण्ड एलआईजी के 10 भूखण्ड, अरिहन्त विहार कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 12 भूखण्ड एलआईजी के 8 भूखण्ड, ताल शहर की आर.एम. टाउनशीप कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 30 भूखण्ड एलआईजी के 20 भूखण्ड उपलब्ध हैं। इसी प्रकार सैलाना की आनन्द विहार कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 8 भूखण्ड, विजय रियल स्टेट में ईडब्ल्यूएस के 15 भूखण्ड तथा एलआईजी के 10 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

## नगर निगम के विभिन्न करों से 14.50 लाख राजस्व प्राप्त हुआ

5-5 रतलाम (तेज एक्सप्रेस)। संपत्तिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास षाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 4 मई को कुल राशि रूपये 8,98,656/– का राजस्व प्राप्त हुआ। नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 4 मई को संपत्तिकर कार्यालय 248839, जलकर कार्यालय से 447435, वसूली दल 81125 कुल 528560, स्पॉट फाईन 3000, दुकान-गुमटी किराया कार्यालय 48714, लीजरेंट 69543 इस तरह कुल राशि रूपये 8,98,656/– का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ। तेज ए.

## रात्रिकालिन सफाई के 12 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा 3 मई मंगलवार को निरीक्षण किए जाने पर रात्रिकालीन सफाई के 12 कर्मचारियों द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। 3 मई मंगलवार को रात्रिकालीन सफाई के कर्मचारी नवीन-फिरोज, राजा-कैलाश, राहुल-राजकपूर, पंकज-फिरोज, दीपक-रतनलाल, नरेन्द्र-नवीन, सुधीर-गोपाल, अमन-रमेश, अमित-बालकिशन, नरेन्द्र-सुरेश, प्रकाश-कैलाश व भरत-बाबूलाल बिना सूचना के अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। 5-5-22

## कचरा, गंदगी व अतिक्रमण करने पर 9 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते हैं, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 4 मई को 9 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कचरा एवं गंदगी करने पर गणपत पर 1000, बहादुरसिंह पर 500, संगीता, सोहनबाई पर 300-300, मोहम्मद रफीक पर 250, सुखदेव, भरत पर 200-200, तुलसीराम, मोहसीन पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा के निर्देशन में स्पॉट फाईन दल द्वारा की गई। प्रसारण 5-5-22

## शापिंग काम्पलेक्स में मिला एक व्यक्ति का शव

आचरण 5-5

रतलाम। नगर निगम के सुभाष शॉपिंग कांपलेक्स में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई है आज दोपहर में स्टेशन रोड थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव सुभाष शॉपिंग कांपलेक्स के बेसमेंट में पड़ा हुआ है। मृतक के हाथ में इंजेक्शन और आसपास ड्रग की शीशियां पड़ी हुई थी। पुलिस ने जब जानकारी जुटाई तो उसकी पहचान नागदा निवासी शहजाद पिता छोटे खां के रूप में हुई। मृतक शहजाद नशे का आदी बताया जाता है और अपराधिक प्रवृत्ति का होकर पिछले दिनों ही जेल से वापस घर लौटा था। आशंका जताई जा रही है कि उसकी मृत्यु ड्रग के ओवरडोज से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचा कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

## तपती दोपहर में धरने पर बैठे महिला पुरुष

रतलाम। त्रिपोलिया गेट के बाहर बरसों से गुमटियां लगाकर व्यवसाय र रहे सैंकडों महिला पुरुष आज तपती दोपहर में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी महिला पुरुष नगर निगम द्वारा गुमटियां हटाने की धमकी दिए जाने के खिलाफ धरने पर बैठे है। त्रिपोलिया गेट के बाहर बरसों से अनेक गुमटियां लगी हुई है,जिनमें छोटे व्यवसायी विभिन्न व्यवसाय करते है। नगर निगम द्वारा इन गुमटी धारकों से किराया भी वसूल किया जाता है। आचरण 5-5

### नीलामी में नहीं लिया भाग, विधायक और पूर्व विधायक के घर किया प्रदर्शन

# सब्जी मंडी स्थानांतरित करने के पहले ही विक्रेताओं ने किया प्रदर्शन और हंगामा

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम
मो.नं. 9826486291

5-5-22



शहर में यातायात दुरुस्त करने के लिए फुटकर सब्जी मंडियों की जगह बदलने और मुख्य मंडी में फुटकर विक्रय से हंगामा खड़ा हो गया है। सब्जी फुटकर विक्रेताओं ने बुधवार सुबह मंडी में प्रदर्शन किया और नीलामी में भाग भी नहीं लिया। इसके बाद भी प्रदर्शन शांत नहीं हुआ और स्टेशन रोड स्थित विधायक सभागृह में पंहुचे और हंगामा किया। इसके बाद पूर्व मंत्री और विधायक के घर भी पंहुचे और उन्हें भी समस्या बताई।

बुधवार सुबह पॉवर हाउस रोड स्थित सब्जी मंडी में फुटकर विक्रेताओं ने नाराज होकर मंडी में सब्जियां फेंककर धरना-प्रदर्शन किया। छोटे सब्जी विक्रेताओं की नाराजगी थी कि सब्जी मंडी में थोक व्यापारी रिटेल शॉप का संचालन कर रहे हैं। जहां से सब्जियों की फुटकर बिक्री हो रही है। ऐसे में नगर निगम द्वारा फुटकर विक्रेताओं के लिए लागू की गई नई व्यवस्था में सब्जी खरीदने लोग पहुंचेंगे ही नहीं। हंगामे की सूचना मिलने पर मंडी प्रभारी एवं एसडीएम राजेश शुक्ला सब्जी मंडी पहुंचे और सब्जी विक्रेताओं को आश्वासन दिया। दोबत्ती थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला भी पंहुचे लेकिन विक्रेता शांत नहीं हुए।

## विधायक काश्यप, फिर पूर्व मंत्री कोठारी से मिलने पहुंचे

सब्जी विक्रेताओं ने विधायक चेतन्य काश्यप के निवास के बाहर पंहुचकर भी प्रदर्शन किया। विरोध करने वालों द्वारा यह बात कही जाती रही कि जहां नई सब्जी मंडी लगाने की बात कही जा रही है, वो शहर के बाहरी इलाकों में है। मंडी में फुटकर सब्जी सुबह ही बिक जाएगी तो फिर शहर के इन बाहरी इलाकों में सब्जी लेने के लिए अधिकांश ग्राहक नहीं पहुंचेंगे। दूसरी ओर वहां पर विक्रेताओं के लिए पानी, शौचालय, लाइट जैसी कोई भी सुविधा नहीं है। यहां से भी शांत नहीं हुए तो सब्जी विक्रेता सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर पूर्व गृहमंत्री और विधायक हिम्मत कोठारी के घर पंहुचे और वहां भी अपनी समस्या बताई।

## अब सिर्फ यहां होगी सब्जी मंडी

शहर में यातायात और अन्य समस्याओं के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी अभिषेक तिवारी सहित अधिकारियों की बैठक के बाद चार स्थानों पर ही सब्जी और फल मंडी लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके चलते 4 मई से ही नए स्थानों पर फुटकर विक्रेताओं को स्थानांतरित करना था। प्रशासन ने तय किया है कि नए स्थानों पर फल और सब्जी विक्रेता अपने रजिस्टर्ड प्लॉट पर दुकान लगाकर सब्जियों का विक्रय करेंगे। शहर के सैलाना ब्रिज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पंप के सामने, विनोबा नगर ग्रिड के पास और त्रिवेणी कल्याण नगर के सामने 5 मई से दुकानें लगाई जाएंगी। विक्रेता अपना पंजीयन करवाकर इन चार स्थानों पर अपनी दुकान लगा सकेंगे।

## ठेलागाड़ी और फुटपॉथ पर विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि शहर में सड़क किनारे सब्जी, फल बेचने वालों को अब तय चार स्थानों पर ही व्यापार करना होगा। 5 मई से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित करने के लिए गुरुवार से जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। शहर में करीब 650 फल-सब्जी विक्रेताओं द्वारा विक्रय किया जाता है जिनके द्वारा नए स्थानों पर दुकान के लिए पंजीयन भी किया जा रहा है। अपना फोटो एवं वैध परिचय पत्र सहित त्रिवेणी रोड कल्याण नगर में बुधवार सुबह 8 बजे से पंजीयन करवाना होगा। वास्तविक लोगों को ही सब्जी विक्रय के लिए स्थान देने के लिए जोनवार वीडियो रिकार्डिंग के साथ ही विक्रेताओं, व्यापारियों के फोटो भी लिए गए हैं।

## मुख्यमंत्री से भारत सरकार में सचिव जोशी ने की भेंट



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से केन्द्रीय सचिव आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय मनोज जोशी ने निवास कार्यालय में भेंट की। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश में जारी नगरीय विकास कार्यक्रमों, प्रधानमंत्री शहरी आवास में संचालित परियोजनाओं और स्वच्छता अभियान में किए जा रहे नवाचारों के संबंध में चर्चा की। प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह तथा भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया भी उपस्थित थे।

# कालोनियों में आवंटन से बचाए गए ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के भूखंड अब मिलेंगे उनके हकदारों को

## कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कॉलोनाइजर्स को 10 मई से प्रक्रिया आरंभ कर 1 माह में पूर्ण करने के दिए निर्देश

रतलाम ( तेज एक्सप्रेस )। जिले. की विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के लिए उपलब्ध जिन भूखंडों को अब तक उनके हकदारों को आवंटित नहीं किया गया है, वे भूखंड अब आवंटित किए जाने वाले है। आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए कार्रवाई में तेजी लाइ गई है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा बुधवार को संबंधित कॉलोनाइजर्स की बैठक आयोजित की गई। कालोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि आगामी 10 मई से भूखंड्र आवंटन संबंधी प्रक्रिया आरंभ कर दी जाए। एक माह में प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।



कलेक्टर ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी होगी। कॉलोनाइजर्स अपनी कॉलोनी में उपलब्ध भूखंडों की जानकारी तथा आवेदन संबंधी विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। शासन के प्रावधानों के तहत हकदारों को उनका हक मिलना चाहिए। विज्ञप्ति प्रकाशन पश्चात कॉलोनाइजर्स पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदन प्राप्ति पश्चात पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर सूची कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी जहां उसका परीक्षण करके अंतिम रूप दिया जाएगा। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात पात्र व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि अभी तक परीक्षण में जिले की 28 कालोनियों में 842 भूखंडों की उपलब्धता सामने आई है इनमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 487 तथा एलआईसी वर्ग के लिए 355 भूखंड सम्मिलित है, परीक्षण जारी है। निश्चित रूप से अभी और भी भूखंडों की जानकारी मिलेगी। जिन कॉलोनाइजर्स द्वारा नियमानुसार संबंधित वर्गों को भूखंड आवंटित नहीं किए गए हैं उनकी कालोनियों में उपलब्ध भूखंड अब प्रशासन संबंधित वर्गों को आवंटित करवाने जा रहा है।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन के निर्देश के बाद यदि संबंधित कॉलोनाइजर्स द्वारा आवंटन की कार्यवाही नहीं की जाएगी तो उक्त कार्य प्रशासन द्वारा किया जाएगा। पूर्व में भी यदि भूखंड आवंटन में अनियमितता की गई है तो उसकी जांच की जाएगी। कॉलोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस पूर्व विज्ञप्ति प्रारूप प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे वे अन्य किसी को विक्रय नहीं कर सकेंगे इसके लिए समय सीमा शर्त लागू की जाएगी। उन व्यक्तियों को आवास निर्माण के लिए बैंकों से ऋण सुविधा हेतु प्रशासन मदद करेगा। कॉलोनाइजर अपनी कॉलोनी में उपलब्ध ईडब्ल्यूएस, एलआईजी भूखंडों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री अरुण पाठक भी उपस्थित थे।

जिले में स्थित विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्ग के लिए रिक्त भूमि तथा प्लाट की जानकारी निम्नानुसार है - रतलाम की सम्यक रिसोर्सेज में ईडब्ल्यूएस की 1605 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी की 42.80 वर्ग मीटर मीटर भूमि, सम्यक गोल्ड सिटी कालोनी में जी-2 ब्लाक तथा एलआईजी के 73 भूखण्ड, आदिनाथ सिटी करमदी रोड पर ईडब्ल्यूएस की 430 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी के 22 भूखण्ड, ग्रीन सीटी अशोक नगर में ईडब्ल्यूएस की 465 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी के 23 भूखण्ड, अंजनीधाम कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 26 भूखण्ड तथा एलआईजी के 13 भूखण्ड, अरिहन्त परिसर सैक्टर 1 में ईडब्ल्यूएस के 57 भूखण्ड, निमंत्रण डेवलपर्स कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 7 भूखण्ड एलआईजी का 1 भूखण्ड, अष्ट विनायक रेसीडेंसी कालोनी में एलआईजी के 3 भूखण्ड, एक्सप्रेस सिटी ग्रामीण क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस के 12 भूखण्ड तथा एलआईजी के 11 भूखण्ड, पुखराज रेसीडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड तथा एलआईजी के 5 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

इसी तरह श्री कृष्णविहार कालोनी ग्राम धराड में ईडब्ल्यूएस के 17 भूखण्ड, मिड टाउन कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 11 भूखण्ड एलआईजी के 8 भूखण्ड, मंगलम सिटी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 5 भूखण्ड, ग्लोबस रियल स्टेट डेवलपर्स में ईडब्ल्यूएस का 1 भूखण्ड, समता सिटी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 36 तथा एलआईजी का 1 भूखण्ड शत्रुंजय विहार कालोनी करमदी में ईडब्ल्यूएस के 5 शुभम रेसीडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 24, त्रिपुंड रियल स्टेट एंड डेवलपर्स की रतलाम ग्रामीण क्षेत्र कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 9 तथा एलआईजी के 9 भूखण्ड, कालोनाइजर चन्द्रप्रकाश भण्डारी की ग्राम हापुखेडी कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 9 तथा एलआईजी के 8 भूखण्ड एवं शगुनश्री कालोनी ऊकाला रोड बजरंग नगर तथा महू-नीमच रोड के पास ईडब्ल्यूएस के 30 तथा एलआईजी के 20 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

इसी प्रकार जावरा के मोहन परिसर में ईडब्ल्यूएस का जी-प्लस 2 ब्लाक, राजेन्द्र जैन परिसर में ईडब्ल्यूएस के 10 भूखण्ड एलआईजी के 4 भूखण्ड, रत्नराज परिसर कालोनी ग्राम सुजावत में ईडब्ल्यूएस की 1317 वर्गमीटर भूमि तथा एलआईजी की 878 वर्गमीटर भूमि, अनिल कुमार दसेडा जावरा की कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 84 भूखण्ड तथा एलआईजी के 54 भूखण्ड उपलब्ध हैं। इसी प्रकार आलोट शहर की शिवधाम कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 30 भूखण्ड एलआईजी के 9 भूखण्ड, शिववाटिका कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड एलआईजी के 4 भूखण्ड, सी.एस. एवेन्यू कस्बा विक्रमगढ में ईडब्ल्यूएस के 36 भूखण्ड एलआईजी के 24 भूखण्ड, वीआईपी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 33 भूखण्ड एलआईजी के 24 भूखण्ड; पार्श्वनाथ विहार कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 15 भूखण्ड एलआईजी के 10 भूखण्ड, अरिहन्त विहार कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 12 भूखण्ड एलआईजी के 8 भूखण्ड, ताल शहर की आर.एम. टाउनशीप कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 30 भूखण्ड एलआईजी के 20 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

इसी प्रकार सैलाना की आनन्द विहार कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 8 भूखण्ड, विजय रियल स्टेट में ईडब्ल्यूएस के 15 भूखण्ड तथा एलआईजी के 10 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

# नगर निगम प्रशासक ने ही अपने अमले को किया नाकारा साबित

रतलाम। इस सप्ताह नगर निगम की उस खबर को काफी सुर्खियां मिली, जिसमें कलेक्टर और प्रशासक द्वारा नगर निगम के निर्माण कार्यों की समीक्षा करने का ब्यौरा दिया गया था। इस समीक्षा में निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने ठेकेदारों की जमकर नकेल कसी। उन्होंने इस बहाने निगम का कार्य कराने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का नाकारापन भी उजागर कर दिया।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक द्वारा निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों को फटकार लगाई। काफी ढिलाई बरतने पर ठेकेदार अन्नपूर्णा कंस्ट्रक्शन के राहुल पाटीदार को 5 वर्षों के लिए ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। वहीं कार्तिकेय कंस्ट्रक्शन के चंदन ठेकेदार पर एक लाख रुपये की पेनल्टी लगा दी। इस बैठक में कलेक्टर नगर निगम के लापरवाह इंजीनियरों को फटकार लगाते हुए उन्हें एक बार फिर निर्माण कार्यों की निगरानी गंभीरता से करने की सख्त हिदायत दी। 54 JLE

बताया जाता है कि निगम प्रशासक सेठजी का बाजार क्षेत्र में 50 लाख रुपए से होने वाले सड़क और पेवर ब्लॉक निर्माण के कार्य में देरी से नाराज हुए। उनके द्वारा अन्नपूर्णा कंस्ट्रक्शन के राहुल पाटीदार को 5 वर्ष के लिए ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश देने के बाद जब अन्य कार्यों की जानकारी ली गई, तो कार्तिकेय कंस्ट्रक्शन द्वारा बाजार क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण कार्य में देरी और टर्नओवर से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट लेने की जानकारी मिली। इस पर उन्होंने 1 लाख रुपए की पेनल्टी लगाते हुए इन निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए तैनात इंजीनियरों की परेड ली। बैठक में कलेक्टर ने भले ही हर हाल में निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी, लेकिन सबको पता है कि निगम अमला घोर दर्जे का लापरवाह है।

निगम इंजीनियरों द्वारा कभी मैदानी स्तर पर निर्माण कार्यों की जांच-पड़ताल नहीं की जाती। इससे ठेकेदार घटिया सामग्री का उपयोग करने के साथ-साथ कार्य के प्रति लापरवाही बरतते हैं। कई जगह निर्माण कार्य मापदंडों के विपरीत भी होते सुने जाते हैं। शहर के बाहर और शहर के अंदर दोनों जगह यही स्थिति है। इससे निर्माण कार्य अधिक मजबूत नहीं होता और निगम को कुछ ही दिनों में मरम्मत का खर्च उठाना पड़ता है। कलेक्टर और प्रशासक भी कभी-कभी ऐसे कार्यों की समीक्षा करते हैं, वे यदि नियमित रूप से शहर में चल रहे कार्यों की जानकारी लेते रहेंगे, तो ही कुछ सुधार आने की उम्मीद बंधेगी। 5-5-22

# फल-सब्जी विक्रय हेतु त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर त्रिवेणी रोड तय

रतलाम । यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित किये जाने हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार रतलाम नगर में 5 मई से जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय करना पूर्णत: प्रतिबंधित किया जाकर नगर में फल-सब्जी विक्रय हेतु 4 स्थान तय किये गये है जिसके तहत त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी का विक्रय किया जा सकेगा। सनातन धर्मसभा व महारूद्र यज्ञ समिति द्वारा फल-सब्जी विक्रय हेतु त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर अन्य स्थल तय किये जाने की मांग की जा रही थी। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने आज अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल मौर्य के साथ त्रिवेणी क्षेत्र का निरीक्षण किया व त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय हेतु स्थल तय किया गया। स्थल चयन के बाद नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा उपायुक्त श्री विकास सोलंकी के निर्देषन में फल-सब्जी विक्रेताओं हेतु 4 बाय 4 के ब्लाक हेतु चुने की लाईन डाली। फल-सब्जी का विक्रय सैलाना ब्रीज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, विनोबा नगर ग्रीड के पास व त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने चिन्हित किये गये है जहां फल-सब्जी विक्रेता फल व सब्जी का विक्रय कर सकेगें। जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर सब्जी एवं फल का व्यवसाय करने वाले सभी दूकानदार उक्त स्थानों पर अपना स्थान निर्धारित कराने हेतु अपना फोटो एवं वैध परिचय पत्र सहित त्रिवेणी रोड कल्याण नगर में दिनांक 4/5/22 को सुबह 8 बजे पंजीयन करवायें।

स्वर्णिम रतलाम 5-5-22

# नगर निगम द्वारा त्रिपोलिया गेट की गुमटिया हटाने की धमकी के खिलाफ तपती दोपहर में धरने पर बैठे महिला पुरुष

5-5-22



रतलाम। त्रिपोलिया गेट के बाहर बरसों से गुमटियां लगाकर व्यवसाय र रहे सैंकड़ों महिला पुरुष आज तपती दोपहर में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी महिला, पुरुष नगर निगम द्वारा गुमटियां हटाने की धमकी दिए जाने के खिलाफ धरने पर बैठे है। त्रिपोलिया गेट के बाहर बरसों से अनेक गुमटियां लगी हुई है,जिनमें छोटे व्यवसायी विभिन्न व्यवसाय करते है। नगर निगम द्वारा इन गुमटी धारकों से किराया भी वसूल किया जाता है। लेकिन दो दिन पूर्वअचानक नगर निगम के कर्मचारियों ने वहां पंहुच कर गुमटी धारकों को अपनी गुमटियां हटा लेने का फरमान सुना दिया। निगम कर्मचारियों ने गुमटी धारकों को धमकी दी कि यदि उन्होने गुमटियां नहीं हटाई तो नगर निगम द्वारा इन पर बुलडोजर चलवा दिया जाएगा। नगर निगम द्वारा दी गई समय सीमा आज समाप्त हो गई। इस दौरान गुमटीधारकों ने निगम आयुक्त से मिलकर अपना प्रश्न रखने की भी कोशिश की गई,लेकिन वे निगम आयुक्त से मिल ही नहीं पाए। आखिरकार सभी गुमटी धारक दोपहर करीब एक बजे चिलचिलाती धूप में धरने पर बैठ गए। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल है।

गुमटी धारकों के धरने से इलाके की यातायात व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई। धरने की जानकारी मिलने पर पुलिस बल भी मौके पर पंहुच गया। प्रदर्शनकारी नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात किए बगैर प्रदर्शनकारी धरना समाप्त करने को तैयार नहीं है। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था।

अपनी इंडिया

# सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में मिला शव

रतलाम, संवाददाता द्वारा। रतलाम नगर निगम के सुभाष शॉपिंग कांप्लेक्स में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई है । आज दोपहर में स्टेशन रोड थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव सुभाष शॉपिंग कांपलेक्स के बेसमेंट में पड़ा हुआ है। मृतक के हाथ में इंजेक्शन और आसपास ड्रग की शीशियां पड़ी हुई थी। पुलिस ने जब जानकारी जुटाई तो उसकी पहचान नागदा निवासी शहजाद पिता छोटे खां के रूप में हुई । मृतक शहजाद नशे का आदी बताया जाता है और अपराधिक प्रवृत्ति का होकर पिछले दिनों ही जेल से वापस घर लौटा था । आशंका जताई जा रही है कि उसकी मृत्यु ड्रग के ओवरडोज से हुई है । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचा कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

दरअसल रतलाम शहर में ड्रग और नशे का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है और नशेड़ीयों की सं या भी लगातार बढ़ती जा रही है। शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र और नगर निगम की लावारिस पड़ी हुई प्रॉपर्टीयों जैसे सुभाष शॉपिंग कांपलेक्स और सिविक सेंटर अब नशेड़ीयों के अड्डे बनते जा रहे हैं। सुभाष शॉपिंग कांपलेक्स में आज नशे के आदी व्यक्ति का शव मिलने से शहर में चल रहे नशे के अवैध कारोबार की पोल खुल गई है। वहीं,पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

अपनी इंडिया 5-5-22

सब्जी विक्रेताओं को नई व्यवस्था से परहेज

# ग्रामीण क्षेत्रों से आए फुटकर विक्रेताओं को सब्जी बेचने से रोका, पूर्व गृहमंत्री से मिलने पहुंचे निवास

इन्दौर समाचार 5-5-22

रतलाम। शहर में चार नए स्थानों पर सब्जी-फल व्यवसाय विक्रय की योजना तैयार होने के बाद प्रशासन के इस फैसले के विरोध में फुटकर सब्जी-फल विक्रेता लामबंद हो गए हैं। मंगलवार की तर्ज पर बुधवार को भी नई व्यवस्था से नाराज सब्जी-फल विक्रेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों से आए फुटकर विक्रेताओं को सब्जी नहीं बेचने दी। इसके लिए बड़ी संख्या में सब्जी-फल के फूटकर विक्रेता पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी के निवास पर मिलने भी पहुंचे।

शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर 5 मई से सिर्फ 4 स्थानों पर ही फल-सब्जी मिलेगी। सैलाना ओवर ब्रिज के नीचे,



साक्षी पेट्रोल पंप के सामने, विनोबा नगर ग्रिड के पास एवं त्रिवेणी रोड (कल्याणनगर) के सामने मंडी लगाई जाएगी। जिला प्रशासन के इस निर्णय पर मंगलवार को त्रिपोलिया गेट क्षेत्र के फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने धरना दिया था। इसके बाद बुधवार सुबह को प्रशासन के उक्त निर्णय के विरोध स्वरूप एकजुट हुए और दुकानें नहीं लगाने के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से सब्जी लेकर आने वालों को रोका गया। नाराज फुटकर विक्रेता धर्मेंद्र बोरीवाल, विजय माली, सोनू सिसौदिया आदि ने वंदेमातरम् न्यूज को बताया हमें त्रिवेणी रोड पर जगह देने की कह रहा है। शहरवासी इतनी दूर सब्जी और फल खरीदनें नहीं आएंगे, जिससे वह स्वयं का और परिवार का पालन-पोषण कैसे करेंगे? फुटकर विक्रेताओं ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि वर्तमान में वह जहां सब्जी और फल बेच रह हैं, उसी स्थान पर लाइन खींच दी जाए। इसके बाद हम लाइन से बाहर सामान रखते हैं या फिर नियम तोड़ते हैं तो हमारे खिलाफ कार्रवाई करने के अलावा सामान जब्त किया जाए।

## सुबह से ऐसा जताया नई व्यवस्था का विरोध

सभी फुटकर सब्जी और फल विक्रेता बुधवार सुबह नीलाम मंडी पहुंचे। यहां पर सब्जी और फल के थोक विक्रेताओं को नीलाम नहीं करने के लिए तैयार किया। इसके बाद सभी सब्जी और फल के फुटकर विक्रेता एकजुट होकर शहर के अलग-अलग मार्गों पर निकले और उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से आए फुटकर विक्रेताओं को सब्जी-फल बेचने से रोकने का आह्वान करते हुए कहा कि आज तुम साथ नहीं दोगे तो कल हम सबको परेशान होना पड़ेगा। सभी ने दोपहिया वाहनों पर सवार होकर सैलाना बस स्टैंड, गायत्री टॉकीज रोड, शहीद चौक, लुहार रोड, नीमचौक, बाजना बस स्टैंड आदि क्षेत्रों में घूमकर विरोध जताने के साथ सड़क पर सब्जी और फल बेचने वालों की पोटलियां बंधवा दी।

## फल-सब्जी विक्रेताओं की जिला व निगम अधिकारियों ने ली बैठक

# शहर हित में तय स्थान पर फल-सब्जी विक्रय की दी समझाईश

**सब्जी-फल विक्रेता निर्धारित स्थल पर व्यवसाय हेतु अपना पंजीयन करवायें, 272 फल सब्जी विक्रेताओं ने कराया पंजीयन**

रतलाम (तेज एक्सप्रेस)। **यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित किये जाने हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम नगर में 5 मई से जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किये जाकर तय 4 स्थानों पर ही फल-सब्जी का विक्रय किये जाने के संबंध में जिला एवं निगम अधिकारियों ने फल-सब्जी विक्रेताओं की बैठक निगम सभागृह में लेकर तय स्थान पर फल-सब्जी विक्रय के संबंध में सुझाव आमंत्रित कर उन्हे होने वाली परेषानियों को दुर करने हेतु आश्वस्त किया।** तेज

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने फल-सब्जी विक्रेताओं से आव्हान किया कि रतलाम षहर आपका अपना षहर है इसे ओर अधिक सुन्दर व सर्वसुविधायुक्त बनाने में आपकी अहम भूमिका है पटरी के इस पार व्यापारिक व घनी आबादी का क्षेत्र होने व यातायात प्रबंधन तत्र को



व्यवस्थित किये जाने हेतु जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाकर त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने वाला क्षेत्र फल-सब्जी विक्रय हेतु तय किया गया है आप अपना पंजीयन कर निर्धारित स्थल पर फल-सब्जी का विक्रय करना सुनिष्चित् करें। आपकी सुविधा को दृश्टिगत रखते हुए स्थल पर मूलभुत सुविधाऐं उपलब्ध कराई जावेगी। 5-5-22

उन्होने ने कहा कि आज 241 सब्जी व 31 फल विक्रेताओं ने त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय हेतु अपना पंजीयन करा चुके हैं आप भी तत्काल अपना पंजीयन कराना सुनिश्चित करें।

फुटकर फल-सब्जी विक्रेताओं की मांग पर एसडीएम श्री राकेष षुक्ला ने कहा कि सैलाना बस स्टैण्ड सब्जी मण्डी में फल-सब्जी का विक्रय थोक में होगा ना कि किलो दो किलो में। साथ ही उन्होने कहा कि फुटकर फल-सब्जी विक्रेता कालोनियों में घुम-घुम कर ठेले पर फल-सब्जी का विक्रय कर सकेंगे। तय स्थान पर फल-सब्जी विक्रय हेतु उन्होने फुटकर विक्रताओं का तत्काल अपना पंजीयन कराने की समझाईश दी।

इस अवसर पर सीएसपी श्री हेमन्त चौहान, डीएसपी श्री अमित कुमार राय, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, नायब तहसीलदार श्री कुलभूषण शर्मा, मण्डी सचिव श्री एम.एस. मुनिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्री ष्याम सोनी, स्टेशन रोड थाना प्रभारी श्री किशोर पाटनवाला के अलावा श्री अनुराग यादव, राजेन्द्र व्यास आदि उपस्थित थे।